# त्रैमासिक परीक्षा हेतु प्रश्न बैंक

## कक्षा -11 वीं

## विषय – हिन्दी

## सत्र -2025-26

नोट - विषय शिक्षक प्रश्न बैंक में समाहित प्रश्नों का उपयोग विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय अनिवार्य रूप से करें।

## स्टेट असेसमेंट सेल , लोक शिक्षण संचालनालय ,म.प्र.,भोपाल

लोक शिक्षण संचालनालय

लोक शिक्षा संचालनालय

# त्रैमासिक परीक्षा हेतु अंक योजना

**कक्षा :- 11वी**

**समय :- 3:00 घंटे** **विषय :- हिन्दी** **पूर्णांक :- 80**

| क्र. | विषयवस्तु | आवंटित अंक |
|---|---|---|
| 1 | आरोह भाग – 1, काव्य खण्ड<br>• पद्य साहित्य का इतिहास एवं प्रवृतियाँ<br>• कबीर - हम तौ एक – एक करि .......<br>• मीरा - मेरे तो गिरधर गोपाल............<br>• कवि परिचय ,भावार्थ : ( सन्दर्भ , प्रसंग, भावार्थ, काव्य सौन्दर्य )<br>सौन्दर्य बोध, भाव एवं विषय वस्तु आधारित प्रश्न | 17 |
| 2 | काव्य बोध :<br>• काव्य के भेद ( प्रबंध एवं मुक्तक काव्य के भेद एवं उदाहरण)<br>• रस : परिचय (परिभाषा, अंग, प्रकार एवं उदाहरण )<br>• अलंकार : परिचय एवं प्रकार (वक्रोक्ति, द्रष्टांत, उदाहरण एवं विशेषोक्ति अलंकार )<br>• शब्द शक्ति : परिचय एवं प्रकार<br>• शब्द गुण : परिचय एवं प्रकार | 09 |
| 3 | • आरोह भाग – 1, गद्य साहित्य का इतिहास, विकासक्रम, प्रवृत्तियाँ एवं गद्य की विधाएँ ( कहानी, संस्मरण, व्यंग्यात्मक निबंध, एकांकी )<br>गद्य खण्ड - नमक का दरोगा ,मियां नसीरुद्दीन ,<br>अपू के साथ ढाई साल ,विदाई – संभाषण ,लेखक परिचय, व्याख्या (सन्दर्भ, प्रसंग, व्याख्या, विशेष ),विषयवस्तु एवं विचार बोध पर आधारित प्रश्न | 17 |
| 4 | भाषा बोध<br>भाव पल्लवन, सार संक्षेपण, विज्ञापन लेखन, संवाद लेखन एवं अनुच्छेद लेखन | 12 |
| 5 | वितान भाग – 1<br>भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ : लता मंगेशकर<br>पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्न \| | 07 |
| 6 | अभिव्यक्ति और माध्यम<br>जनसंचार माध्यम और लेखन<br>1. जनसंचार माध्यम 2 .पत्रकारिता के विविध आयाम | 07 |
| 7 | अपठित बोध – ( गद्यांश / काव्यांश ) पर आधारित प्रश्न \| | 03 |
| 8 | पत्र लेखन _ औपचारिक / अनौपचारिक सम्बंधित पत्र लेखन \| | 04 |
| 9 | निबंध लेखन – ( रुपरेखा सहित ) | 04 |
| | कुल योग | 80 |

लोक शिक्षण संचालनालय

**नोट –**

प्रश्न क्रमांक – 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ट प्रश्न होंगे | प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है |
प्रश्न क्रमांक – सही विकल्प 06,
प्रश्न क्रमांक – रिक्त स्थान 06,
प्रश्न क्रमांक – सत्य असत्य 06,
प्रश्न क्रमांक – सही जोड़ी 07,
प्रश्न क्रमांक – एक वाक्य में उत्तर 07,
प्रश्न क्रमांक – 06 से 15 तक कुल 10 प्रश्न होंगे | प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित है |
प्रश्न क्रमांक – 16 से 19 तक कुल 04 प्रश्न होंगे | प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है |
प्रश्न क्रमांक – 20 से 23 तक कुल 04 प्रश्न होंगे | प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित है |

# प्रश्न-पत्र निर्माण हेतु विषय शिक्षक को निर्देश –

1. **विषय शिक्षक प्रश्नपत्र निर्माण हेतु प्रश्नों का चयन करते समय प्रश्नबैंक में दिए गए हिन्दी विषय के त्रैमासिक परीक्षा हेतु तैयार की गई अंक योजना एवं ब्लू ब्लू प्रिंट का अध्ययन कर लें। ब्लू प्रिंट अनुसार ही प्रश्नों का चुनाव करते हुए प्रश्नपत्र का निर्माण करें | यह अवश्य ध्यान दें कि किसी प्रश्न का दोहराव नहीं हो |**

2. **प्रश्न पत्र के किसी प्रश्न का किसी अन्य चुने गये प्रश्न में उत्तर समाहित नहीं हो |**

3. **सही जोड़ी बनाइए वाले प्रश्न में स्तम्भ (अ) और उसकी सही जोड़ी बनाने हेतु स्तम्भ (ब) का विशेष ध्यान रखते हुए चयन किया जाये।**

4. **प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके लिये आवंटित अंक अवश्य अंकित करें।**

5. **यदि प्रश्न बैंक में ऐसा कोई प्रश्न टंकण त्रुटिवश समाहित हो गया हो जो शैक्षणिक कैलेंडर में दिए गए अगस्त माह तक के पाठ्यक्रम से या संदर्भित इकाई के बाहर का हो तो विषय शिक्षक उस प्रश्न को प्रश्नपत्र में सम्मिलित नहीं करें।**

6. **विषय शिक्षक त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम पूर्णता को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र का निर्माण करें।**

लोक शिक्षण संचालनालय

## त्रैमासिक परीक्षा हेतु ब्लू प्रिंट

**समय -3 घंटे** **कक्षा - 11 वी, विषय –हिन्दी** **पूर्णांक -80**

| प्रश्न क्रमांक | प्रश्न | आरोह काव्यखण्ड | काव्यबोध | आरोह गद्य खण्ड | भाषाबोध | वितान | अभिव्यक्ति और माध्यम | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सही विकल्प | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 |
| 2 | रिक्त स्थान | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 |
| 3 | सत्य /असत्य | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 |
| 4 | सही जोड़ी | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 7 |
| 5 | एक वाक्य | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | पद्य साहित्य | | | | | | | 2 |
| 7 | आरोह काव्यखण्ड | | | | | | | 2 |
| 8 | काव्यबोध | | | | | | | 2 |
| 9 | काव्यबोध | | | | | | | 2 |
| 10 | गद्य की विधा | | | | | | | 2 |
| 11 | आरोह गद्यखण्ड | | | | | | | 2 |
| 12 | भाषाबोध | | | | | | | 2 |
| 13 | भाषाबोध | | | | | | | 2 |
| 14 | वितान | | | | | | | 2 |
| 15 | अभिव्यक्ति और माध्यम | | | | | | | 2 |
| 16 | कवि परिचय | | | | | | | 3 |
| 17 | लेखक परिचय | | | | | | | 3 |
| 18 | भाषा बोध | | | | | | | 3 |
| 19 | अपठित बोध | | | | | | | 3 |
| 20 | भावार्थ | | | | | | | 4 |
| 21 | व्याख्या | | | | | | | 4 |
| 22 | पत्र | | | | | | | 4 |
| 23 | निबन्ध | | | | | | | 4 |
| | **कुल प्रश्न 23** | | | | | | | **कुल अंक 80** |

लोक शिक्षण संचालनालय

**त्रैमासिक परीक्षा**
**कक्षा – 11 वीं**
**विषय - हिन्दी**

**समय – 3 घंटा** **पूर्णांक – 80**

**निर्देश :-**

i. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
ii. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं |
iii. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं | प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं |
iv. प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं | शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।
v. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।
vi. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।
vii. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्प का चयन कर लिखिए-**

I. हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग कहलाता है-
(अ) आदिकाल (ब) भक्ति काल (स) रीतिकाल (द) आधुनिक काल

II. कबीर ने ईश्वर के कितने स्वरूपों को जाना है ?
(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) अनंत

III. विदाई संभाषण के लेखक हैं-
(अ) प्रेमचंद (ब) बालमुकुंद गुप्त (स) लॉर्ड कर्जन (द) महावीर प्रसाद द्विवेदी

IV. ओज गुण पाया जाता है-
(अ) करुण रस (ब) शांत रस (स) वीर रस (द) शृंगार रस

V. मीराबाई की भाषा मूलतः थी-
(अ) राजस्थानी (ब) बंगाली (स) अवधि (द) फारसी

VI. नमक की बोरियों से भारी गाड़ियां कहां जा रही थी ?
(अ) कानपुर (ब) नागपुर (स) मिर्जापुर (द) पीथमपुर

VII. 'तुनकी 'शब्द का संबंध किससे है ?
(अ) सब्जी (ब) दाल (स) रोटी (द) चावल

VIII. मियां नसीरुद्दीन कितने प्रकार की रोटियां बना लेते थे ?
(अ) दस (ब) बीस (स) पैतीस (द) छप्पन

IX. पथेर पांचाली फिल्म किस भाषा की है ?
(अ) बांग्ला (ब) गुजराती (स) मराठी (द) भोजपुरी

X. विदाई संभाषण किस विधा की रचना है -
(अ) रेखा चित्र (ब) कहानी (स) व्यंगय (द) नाटक

XI. प्रेमचंद का मूल नाम क्या था ?
(अ) नवाब राय (ब) धनपत राय (स) गुलाब राय (द) बाबू राय

XII. निम्न में से संचार का साधन <u>नहीं</u> है -
(अ) रेडियो (ब) टेलीविजन (स) समाचार पत्र (द) प्रिंटर

XIII. लता मंगेशकर के गायन की विशेषता है -



लोक शिक्षण संचालनालय

(अ) गानपन (ब) कठोरता (स) बेताल उच्चार (द) वीर रस की प्रधानता

XIV. मीरा के गिरधर के मुकुट में क्या लगा है ?

(अ) मोरपंख (ब) मोती (स) हीरे (द) कंकर

XV. 'यह मेरा घर है ' कथन में कौन-सी शब्द शक्ति है ?

(अ) लक्षणा (ब) व्यंजना (स) अभिधा (द) प्रसाद

XVI. पंडित अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को किस पद पर नियुक्त किया था ?

(अ) वकील (ब) दरोगा (स) मैनेजर (द) शिक्षक

XVII. लता मंगेशकर को किस उपनाम से नहीं पुकारा जाता है ?

(अ) कोकिला (ब) स्वर साम्राज्ञी (स) कोकिल कंठ (द) गज गामिनी

XVIII. शृंगार रस का स्थाई भाव है -

(अ) रति (ब) हास्य (स) जुगुप्सा (द) क्रोध

XIX. अवधी भाषा का महाकाव्य है -

(अ) प्रियप्रवास (ब) कामायनी (स) रामचंद्रिका (द) रामचरितमानस

XX. 'जल ही जीवन है' इस सूक्ति का भाव पल्लवन करते समय मुख्य उद्देश्य क्या होगा?

(अ) जल की सुंदरता का वर्णन (ब) जल के रंगों का विश्लेषण

(स) जल के महत्व को समझाना (द) जल की मात्रा बताना

XXI. भाव पल्लवन करते समय किस तत्व पर विशेष बल देना चाहिए?

(अ) मात्र शब्दों की संख्या (ब) विषय से संबंधित तर्क

(स) भावनात्मक अभिव्यक्ति (द) आंकड़ों की प्रस्तुति

XXII. सार संक्षेपण का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?

(अ) विषय का विस्तार करना (ब) मूल विचारों को संक्षेप में प्रस्तुत करना

(स) भाषा को सजाना (द) कथानक बदलना

XXIII. सार संक्षेपण करते समय किस बात का ध्यान रखना आवश्यक नहीं है?

(अ) मूल भाव बनाए रखना (ब) अनावश्यक विस्तार करना

(स) भाषा को सरल रखना (द) संक्षिप्तता बनाए रखना

XXIV. विज्ञापन का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?

(अ) कहानी सुनाना (ब) मात्र जानकारी देना

(स) उत्पाद या सेवा का प्रचार करना (द) आलोचना करना

XXV. संवाद लेखन में सबसे अधिक ध्यान किस पर देना चाहिए?

(अ) भाषा की जटिलता पर (ब) पात्रों की भावनाओं और परिस्थिति पर

(स) कथा का अंत (द) संवाद की लंबाई

XXVI. अनुच्छेद लेखन करते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए?

(अ) भाषा की क्लिष्टता (ब) विषय से भटकाव

(स) स्पष्टता, एकता और क्रमबद्धता (द) केवल सजावट

**प्रश्न 2. उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - (1x6=6)**

i. ईद का चांद होना---------है। ( मुहावरा/कहावत)

ii. शृंगार रस का स्थाई भाव-------- है। (रति/रौद्र)

iii. मीरा की भक्ति---------भाव की है। (दास भाव/दांपत्य भाव)

iv. प्रबंध काव्य के अंतर्गत – – – आता है। (रामचरितमानस/सूरसागर )

v. अप्पू की भूमिका निभाने वाले लड़के का नाम – – --था । (सुबीर बनर्जी /सुधीर मुखर्जी)

vi. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्म ---------- कहलाते हैं। (रस /अलंकार )

vii. संचार शब्द की उत्पत्ति ..........धातु से हुई है। (चार /चर )

viii. कबीर भक्ति काल की -------शाखा के कवि हैं। (सगुण / निर्गुण )

ix. लता मंगेशकर के पिता --------थे। (हृदयनाथ मंगेशकर/ दीनानाथ मंगेशकर )

x. टेलीविजन जनसंचार का ----------माध्यम है। (दृश्य /श्रव्य )

xi. ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना ---------सन में हुई ? । (1936/1836)

xii. मियां नसीरुद्दीन ने रोटियां बनाने का हुनर ----------से सीखा था।(वालिद उस्ताद /मलिक )

xiii. वीर रस प्रधान कविताओं में ---------गुण पाया जाता है। (प्रसाद ओज )

xiv. 'गाय पालतू पशु है " वाक्य में -------शब्द शक्ति है। (अभिधा/ व्यंजना )

xv. पंडित अलोपीदीन को --------पर अखंड विश्वास था। (सरस्वती/ लक्ष्मी )

xvi. 'जिंदगीनामा ' 'प्रसिद्ध ---------है। ( उपन्यास/ कहानी )

xvii. कबीर की भाषा ----------है। (ब्रज /सधुक्कड़ी )

xviii. ---------में दोहों का पूर्व पर संबंध होता है। ( प्रबंध काव्य /मुक्तक काव्य )

xix. मुंशी वंशीधर ---------विभाग में दरोगा थे। (नमक /सड़क )

xx. 'सच्चाई की सदा जीत होती है' इस कथन का भाव पल्लवन करते समय ______ का महत्त्व बताया जाता है। ( सत्य/ बुद्धि )

xxi. भाव पल्लवन में किसी कथन के ______ पक्ष को विस्तार से प्रस्तुत किया जाता है।( व्यावसायिक/ भावात्मक)

xxii. सार संक्षेपण करते समय अनावश्यक बातों को ______ देना चाहिए।( जोड़/ हटा)

xxiii. सार लेखन में मूल विचारों को ______रूप से प्रस्तुत किया जाता है।(संक्षिप्त/विस्तृत )

xxiv. विज्ञापन का उद्देश्य किसी वस्तु या सेवा का ______ करना होता है।(प्रचार / निषेध)

xxv. अच्छे विज्ञापन में भाषा आकर्षक और ______ होनी चाहिए।(अस्पष्ट/ प्रभावशाली)

xxvi. संवाद लेखन में भाषा स्वाभाविक और ______ होनी चाहिए।(बोझिल / सहज)

xxvii. संवाद लिखते समय पात्रों की स्थिति और ______ का ध्यान रखना चाहिए।( भावना / भोजन)

xxviii. अनुच्छेद लेखन में विषय से संबंधित विचार ______ रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं।(अव्यवस्थित / क्रमबद्ध )

xxix. अनुच्छेद की भाषा सरल, स्पष्ट और ______ होनी चाहिए।(उद्देश्यपूर्ण / अपूर्ण)

**प्रश्न-3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1x6=6)**

i. पंडित अलोपीदीन नमक विभाग के अधिकारी थे ।

ii. मियां नसीरुद्दीन 56 किस्म की रोटियां बना लेते थे ।

iii. पद्मावत भक्ति काल की रचना है ।

iv. लॉर्ड कर्जन एक बार भारत के वायसराय बने थे ।

v. मास्टर जी ने धनराम से 12 का पहाड़ा सुनाने के लिए कहा था ।

vi. माधुर्य गुण का अर्थ मधुरता से है ।

vii. कबीर ने आडंबरों का विरोध किया है।

viii. मीरा की मूल भाषा राजस्थानी पर अवधी का प्रभाव है।

ix. न्याय के मैदान में धन और धर्म के बीच युद्ध ठन गया।

x. संस्मरण स्मृति पर आधारित होता है।

xi. गंभीरता शास्त्रीय संगीत का स्थाई भाव है।

xii. चित्रपट संगीत में चपलता होती है।

xiii. संचारी भाव की संख्या 35 है।

xiv. इंटरनेट जनसंचार का माध्यम नहीं है।

xv. सूरसागर महाकाव्य है।

xvi. पथेर  पांचाली उर्दू भाषा में लिखी है।

xvii. अप्पू की भूमिका 8 वर्ष के बालक ने निभाई।

xviii. नमक विभाग के दफ्तर से कुछ दूरी पर गंगा नदी बहती थी।

xix. रंगरेज रोटी बनाने का कार्य करता है।

xx. तालीम की तालीम भी बड़ी चीज है।

xxi. भाव पल्लवन में सूक्ति या विचार का भावनात्मक विस्तार किया जाता है।

xxii. भाव पल्लवन में तर्कों की बजाय आंकड़ों का प्रयोग अधिक होता है।

xxiii. सार संक्षेपण में अनावश्यक विवरणों को हटाया जाता है।

xxiv. सार संक्षेपण में लेख की भाषा को कठिन बनाया जाता है।

xxv. विज्ञापन लेखन का उद्देश्य वस्तु या सेवा को लोकप्रिय बनाना होता है।

xxvi. विज्ञापन लेखन में निष्पक्षता और तटस्थता आवश्यक नहीं होती।

xxvii. संवाद लेखन में पात्रों की स्थिति और स्वभाव का ध्यान रखना चाहिए।

xxviii. संवाद लेखन में एक ही व्यक्ति के विचारों को बार-बार दोहराना चाहिए।

xxix. अनुच्छेद लेखन में विचारों का क्रमबद्ध और स्पष्ट होना आवश्यक होता है।

xxx. अनुच्छेद में विषय से हटकर अन्य विषयों पर भी चर्चा करनी चाहिए।

**प्रश्न 4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए –** **(1x7 =7)**

| **स्तंभ 'अ'** | **स्तंभ 'ब'** |
|---|---|
| i. सत्यजीत राय | क. अनुपम मिश्रा |
| ii. शब्द शक्ति | ख. पथेर  पांचाली |
| iii. राजस्थान की रजत बूंदे | ग. लता मंगेशकर |
| iv .स्वर कोकिला | घ. चर धातु |
| v. जनसंचार माध्यम | ड़. इंटरनेट |
| vi. संचार शब्द | च. लक्षणा |
| vii. ऑल इंडिया रेडियो | छ. 1936 |
| | ज. 1976 |

लोक शिक्षण संचालनालय

2.

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| i वंशीधर | क. अप्पू |
| ii नसीहत | ख. शब्द शक्ति |
| Iii शब्द का अर्थ व्यापार | ग. उदंत मार्तंड |
| iv विदाई संभाषण | घ. दरोगा |
| v सुबीर बनर्जी | ड.. सीख |
| vi सत्यजीत राय | च. भारत रत्न |
| Vii हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र | छ. बालमुकुंद गुप्त |
| | ज. प्रेमचंद |

3.

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| i. इंटरनेट | क. रामचरितमानस |
| ii. कृष्णा सोबती | ख. वायसराय |
| iii. कबीर के दोहे | ग. जनसंचार माध्यम |
| iv. महाकाव्य | घ. सत्य के प्रयोग |
| v. महात्मा गांधी | ड. मियां नसीरुद्दीन |
| vi. लॉर्ड कर्जन | च. गद्य की विधा |
| vii. निबंध | छ. मुक्तक काव्य |
| | ज. विदाई संभाषण |

4.

| स्तंभ 'अ' | स्तंभ 'ब' |
|---|---|
| i. भाव पल्लवन | क. भावनात्मक व्याख्या |
| ii. सार संक्षेपण | ख. संक्षिप्त और मुख्य विचारों की प्रस्तुति |
| iii. विज्ञापन लेखन | ग. वस्तु या सेवा का प्रचार |
| iv. संवाद लेखन | घ. पात्रों की बातचीत के माध्यम से कथन |
| v. अनुच्छेद लेखन | ड. एक ही विषय पर क्रमबद्ध विचार प्रस्तुति |

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए –** **(1x7 =7 )**

i. मियां नसीरुद्दीन के पिता कौन थे ?
ii. नमक की गाड़ियां कहां जा रही थी ?
iii. पंडित अलोपीदीन कहां के रहने वाले थे ?
iv. वीर रस का स्थाई भाव लिखिए।
v. भारतेंदु युग के एक निबंधकार का नाम लिखिए।
vi. पूर्णमासी का चांद किसे कहा गया है ?
vii. 'नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना 'यह कथन किसका है ?
viii. पाठ में आई रोटियां के किन्हीं दो प्रकारों के नाम लिखिए।
ix. पथेर पांचाली फिल्म के निर्देशक कौन है ?
x. रेल चलाने के लिए बॉयलर में क्या डाला गया था ?
xi. गद्य की किन्हीं दो गौण विधाओं के नाम लिखिए।

लोक शिक्षा संचालनालय

xii. हिंदी में नाटक सम्राट किसे कहा जाता है ?
xiii. कबीर को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा है ?
xiv. मीरा ने किसे अपना आराध्य माना है ?
xv. विस्तृत कलेवर वाला काव्य क्या कहलाता है ?
xvi. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व क्या कहलाते हैं
xvii. किसी एक शब्द गुण का उदाहरण लिखिए।
xviii. जनसंचार का कोई एक कार्य लिखिए।
xix. पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का कार्य कितने वर्ष चला था ?
xx. भाव पल्लवन का क्या उद्देश्य होता है?
xxi. 'स्वच्छता सेवा है'—इस कथन में छिपे भाव को क्या कहा जाता है?
xxii. सार संक्षेपण में किन बातों को शामिल किया जाता है?
xxiii. सार लेखन करते समय भाषा कैसी होनी चाहिए?
xxiv. विज्ञापन लेखन का प्रमुख उद्देश्य क्या होता है?
xxv. विज्ञापन लेखन में आकर्षण लाने के लिए क्या प्रयोग किया जाता है?
xxvi. संवाद लेखन में किन दो बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?
xxvii. संवाद किसके माध्यम से आगे बढ़ता है?

**प्रश्न 6** **(2 )**

i. भक्ति काल के दो कवि तथा उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए
ii. छायावाद की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
iii..प्रगतिवाद की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।
iv. सगुण भक्ति धारा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 7** **(2 )**

i. कबीर ने स्वयं को दीवाना क्यों कहा है ?
ii. मीरा जगत को देखकर रोती क्यों है ?
iii. मानव शरीर का निर्माण किन पांच तत्वों से मिलकर हुआ है ?
iv. सहज मिले अविनाशी मीरा ने किसके लिएऔर क्यों कहा है ?

**प्रश्न 8** **(2 )**

i. शब्द शक्ति की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
ii. स्थाई भाव और संचारी भाव में अंतर लिखिए।
iii. किन्ही दो महाकाव्य के नाम उनके रचनाकारों के नाम के साथ लिखिए।
iv. विशेषोक्ति अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए।
v. वक्रोक्ति अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए।
vi. दृष्टान्त अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए।
vii. उदाहरण अलंकार को उदाहरण सहित समझाइए।

**प्रश्न 9** **(2 )**

i. रस के अंगों के नाम लिखिए।
ii. हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

iii. खंडकाव्य और महाकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए।
iv. आधुनिक काल के कोई दो महाकाव्य के नाम लिखिए।

**प्रश्न 10** **(2 )**

i.हिंदी में कहानी सम्राट किसे कहा जाता है ?उनकी किन्हीं दो कहानियों के नाम भी लिखिए।
ii.गद्य की किसी एक गौण विधा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
iii.नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए।
iv.शुक्ल युग के निबंधों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 11** **(2 )**

i.बंशीधर की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।
ii.लेखिका मियां नसीरुद्दीन के पास क्यों गई थी ?
iii.फिल्म निर्माण के दौरान आने वाली कोई दो समस्याओं को लिखिए।
iv.लॉर्ड कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ा ?

**प्रश्न 12** **(2 )**

i.निम्नलिखित शब्दों के हिंदी अर्थ लिखिए (कोई चार )
ii.इल्म , वालिद , बरकंदाजी ,जमात ,अदना
iii.फिल्म शूटिंग से जुड़े कोई चार शब्द लिखिए।
iv.निम्नलिखित शब्दों के वाक्य प्रयोग कीजिए (कोई दो )
खुशकिस्मती ,रिश्वत ,इश्तिहार ,वृष्टि

**प्रश्न 13** **(2 )**

i.सार संक्षेपण का अर्थ लिखिए।
ii. निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम में लिखिए
निकाल लेंगे वक्त थोड़ा
दिमाग में चक्कर काट गई है बात

**प्रश्न 14** **(2 )**

i.लता मंगेशकर के गायन की कोई दो विशेषताएँ लिखिए
ii.चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत में कोई दो अंतर लिखिए
iii.शास्त्रीय संगीत में लय के कितने प्रकार है ? नाम लिखिए

**प्रश्न 15** **(2 )**

i. एनकोडिंग और डिकोडिंग को समझाइए।
ii. फीडबैक का क्या अर्थ है ?
iii. वॉच डॉग पत्रकारिता किसे कहा जाता है।
iv. संपादन का क्या अर्थ है ?
v. किन्ही चार जनसंचार माध्यमों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 16** कबीर अथवा मीराबाई का काव्यगत परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए - **(3 )**
i ) दो रचनाएँ ii ) भाव पक्ष iii) साहित्य में स्थान

**प्रश्न 17**

1. प्रेमचंद **अथवा** बालमुकुंद गुप्त का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – **(3 )**
   i) दो रचनाएँ ii) भाषा iii) साहित्य में स्थान
2. सत्यजीत राय **अथवा** कृष्णा सोबती का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – **(3 )**
   i) दो रचनाएँ ii) भाषा iii) साहित्य में स्थान



लोक शिक्षण संचालनालय

**प्रश्न 18** **(3 )**

## संवाद लेखन

i. बढ़ती हुई महंगाई पर दो सहेलियों के बीच संवाद लिखिए।
ii. कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिक्षक और छात्र के मध्य संवाद लिखिए।
iii. 'जहां हार्दिक संबंध होते हैं वहां तर्क की गुंजाइश नहीं होती '_ भाव पल्लवन कीजिए।
iv. 'भगवान के घर में देर है अंधेर नहीं 'भाव पल्लवन कीजिए।

**भाव पल्लवन**

**निम्नलिखित विषयों का भाव पल्लवन कीजिए-**

i. साहित्य समाज का दर्पण है।
ii. अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाडता है ।
iii.क्रोध अंधा होता है ।
iv.चरित्र सबसे बड़ा धन है ।
v. आज मर्यादाओं को फिर से पहचानना होगा।
vi. सब उन्नति का मूल धर्म है।

**प्रश्न 19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश <u>अथवा</u> काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(3 )**

(1) छात्रों को अपने जीवन में योग के महत्व से भलीभांति परिचित होना चाहिए। वैसै तो हर उम्र के व्यक्ति को इसकी जरूरत है। योग शब्द संस्कृत के 'युज्' धातु से बना है जिसका अर्थ है जोड़ना। अर्थात किसी कार्य में स्वयं को लगाना। महर्षि पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का सर्वथा अभाव ही योग है। छात्र जीवन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहद जरूरी है। योग साधना की शारीरिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका है इससे अंग' प्रत्यंग की कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, शरीर निरोगी बनता है। आसन व योग से अभी अंग सुचारू रूप से कार्य करते हैं। इसके द्वारा शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी प्राप्त किया जा सकता है। मन की चंचलता को कम कर मानसिक एकाग्रता प्राप्त की जा सकती है इसकी छात्र जीवन में महती आवश्यकता है। प्राणायाम द्वारा छात्रों की स्मरण शक्ति बढ़ती है, तनाव कम होता है ,कुविचार समाप्त होकर सुविचारों का उदय होता है। योग वास्तव में जीवन जीने की कला है जो कि वैज्ञानिक है जो नैतिक और चारित्रिक पक्ष पर भी सकारात्मक प्रभाव छोड़ती है।

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
2. 'हर तरह से' के लिए गद्यांश में कौनसा शब्द प्रयुक्त हुआ है।
3. गद्यांश में प्रयुक्त 'महती' शब्द का समानार्थी लिखिए।

(2) श्रम साधना करने वाले को यश प्राप्त होता है और साथ ही साथ वैभव भी। श्रम करके एक निर्धन परिवार का बालक भी उच्च हो जाता है और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदल देता है श्रम एक ऐसी चीज है जो हमें अलौकिक आनंद की प्राप्ति करवाती तथा उससे हमें परम संतोष का अनुभव होता है श्रम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है सामान्य तौर पर देखा जाता है कि शारीरिक श्रम करने वाले दीर्घजीवी होते हैं। श्रम करने वाला विकट परिस्थितियों में भी नहीं घबराता है। आत्मविश्वास उनका रक्षक बन जाता है। परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है बिना परिश्रम किए किसी को भी सफलता नहीं मिलती है मिल भी जाती है तो वह स्थाई नहीं होती। परिश्रम व्यक्ति में आत्म संतोष और आत्मनिर्भरता की भावना लाता है। एक आलसी व्यक्ति भी आलसी व्यक्ति को पसंद नहीं करता है। इस दुनिया में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं ।अतः परिश्रमी बनो।

लोक शिक्षा संचालनालय

**प्रश्न -**

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

2. परिश्रमी का रक्षक कौन होता ?

3. 'कठिन' शब्द गद्यांश में आए किस शब्द का अर्थ हो सकता है।

(3) जीवन का अर्थ है जोश ,उत्साह, साहस ,हिम्मत और जिंदादिली। कहते हैं जिंदगी जिंदादिली का नाम है मुर्दा दिल ख़ाक जिया करते हैं। हलचल हिम्मत साहस जीवन की निशानी है। जो लोग हर क्षण उत्साह की तरंग में रहते हैं उनके जीवन जीने की शैली मनोरम होती है ,जो जीवन के हर खतरे को चुनौती समझ कर झेलते हैं। उनका जीवन उत्सव जैसा बन जाता है उन्हें हर क्षण नया काम मिला रहता है वे अपने मन में और नवीनता का अनुभव करते हैं वे कभी मन में निराशा और ग्लानि महसूस नही करते। बल्कि उन्हें खतरों से जूझते हुए भी हर्ष और आत्मिक संतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत कायर और आलसी लोग हर रोज कई बार मरते हैं। उन्हें पग-पग पर अपमान सहना पड़ता है। यदि मनुष्य सोच ले कि उसे जीवन साहस हिम्मत और जिंदादिली से जीना है तो फिर जीवन इतना सुहावना होता है कि जीवन से मृत्यु का भय भी निकल जाता है।

**प्रश्न -**

1. मनुष्य के लिए जीवन उत्सव कब बनता है?

2. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

3. 'संतोष' शब्द का विशेषण लिखिए।

(4 ) राष्ट्रीय चरित्र का विकास ही प्रजातंत्र का आधार है। किसी भी राष्ट्र की नींव उसके राष्ट्रवासियों के चरित्र पर आधारित होती है। जिस राष्ट्र के नागरिकों का चरित्र जितना महान होगा उस राष्ट्र का भविष्य भी उतना ही उज्जवल होगा । चरित्र केवल मात्र एक शब्द नहीं है या केवल एक गुण नहीं है यह अपने साथ अनेक विशेषताएँ लिए हुए हैं। एक चरित्रवान व्यक्ति अपने चारों तरफ के माहौल को सुंदर बनाता है । चारित्रिक गुणों के विकास से ही भ्रष्टाचारी ,बेईमानी, मिलावट खोरी जैसे अपराधों से मुक्ति मिल सकती है।एक महत्वपूर्ण बात है कि प्रजातंत्र के क्रियान्वयन में राष्ट्र के चरित्र की रक्षा आवश्यक है क्योंकि चरित्र से नैतिकता का विकास होता है नैतिकता प्रजातंत्र की रक्षा कर उसे सफल बनाती है। राष्ट्रीय चरित्र से राष्ट्र के गौरव में वृद्धि होती है यही कारण है कि भारत अपने राष्ट्रीय चरित्र के नाम पर विश्व के समक्ष अपना मस्तक ऊपर किए हुए हैं।

**प्रश्न –**

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

2. प्रजातंत्र को सफल कौन बनाता है?

3. 'छुटकारा' गद्यांश में प्रयुक्त हुए किस शब्द का अर्थ हो सकता है?

**अथवा**

**अपठित काव्यांश**

1 . माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए हैं
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना

पर लड़की जैसी दिखाई मत देना ।

प्रश्न-

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii माँ ने क्या सलाह दी ?

iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

2. बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के से पालि,
वज छिपा, नूतन कविता,
फिर भर दो-बादल, गरजो!

**प्रश्न-**

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii नूतन शब्द का पर्यायवाची लिखिए ।

iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

3 अट नहीं रहीं है,
आभा फागुन की
तन सट नहीं रहीं है।

**प्रश्न-**

i काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii आभा शब्द का पर्यायवाची लिखिए ।

iii उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**प्रश्न 20. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए - (4)**

i. हम तौ एक एक कर जांनां।
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिनं पहिचांनां ।।
एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां ।
एकै खाक गढ़े सब भांडै एकै कोंहरा सांनां।।

ii. मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई
जाके सिर मोर - मुकुट, मेरो पति सोई
छांड़ि दयी कुल की कानि,कहा करिहै कोई?
संतन ढिग बैठि - बैठि लोक - लाज खोयी

**प्रश्न 21. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ –प्रसंग एवं विशेष सहित सहित व्याख्या लिखिए – (4)**

i. मियाँ नसीरुद्दीन हमारी ओर कुछ ऐसे देखा कि उन्हें हमसे जवाब पाना हो। फिर बड़े ही मँजे अंदाज में कहा 'कहने का मतलब साहिब यह कि तालीम की तालीम भी बड़ी चीज़ होती है।' आखिर एक दिन हुआ भी वैसा ही। शरद ऋतु में भी आसमान में बादल छा गए और धुआंधार बारिश शुरू हुई।उसी बारिश में भीगकर दुर्गा भागती हुई आई और उसने पेड़ के नीचे भाई के पास आसरा लिया। भाई -बहन एक -दूसरे से चिपक कर बैठे।

ii. पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मीजी पर अखण्ड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका यह कहना यथार्थ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं, इन्हें वह जैसे चाहती हैं, नचाती हैं।

लोक शिक्षा संचालनालय

**प्रश्न 22** **(4)**

**<u>औपचारिक पत्र</u>**

i. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बजाने पर रोक लगाने हेतु जो जिलाधीश को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

ii. नगर निगम नगर पालिका अध्यक्ष को नियमित सफाई ना होने पर एक शिकायती पत्र लिखिए।

iii. हाईस्कूल परीक्षा में मेरिट में स्थान बनाने के लिए अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

iv. सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।

v. शाला शुल्क से मुक्ति हेतु विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।

**अनौपचारिक पत्र**

vi. अपने मित्र को गर्मी की छुट्टियों में पचमढ़ी भ्रमण हेतु साथ आने लिए पत्र लिखिए।

vii. आवास में रहने वाले छोटे भाई को प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह देते हुए योग योग महत्व बताते हुए एक पत्र लिखिए।

viii. अपने पिताजी को अपनी परीक्षा की तैयारी के विषय में पत्र लिखिए।

ix. बड़ी बहन के विवाह में आमंत्रित करने हेतु मित्र को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए -** **(4)**

i. जल ही जीवन है
ii. वर्तमान समय में कंप्यूटर की उपयोगिता।
iii. आदर्श व्यक्तित्व महात्मा गांधी ।
iv. विद्यालय का वार्षिकोत्सव
v. स्वच्छ भारत अभियान
vi. श्रम का महत्व
vii. भारतीय नारी के हर क्षेत्र में बढ़ते कदम ।
viii. विद्यार्थी जीवन और अनुशासन
ix. मातृभाषा का महत्त्व
x. जीवन में खेलों का महत्त्व



लोक शिक्षण संचालनालय